Sir Arthur Conan Doyle's

SHERLOCK HOLMES

शरलॉक होम्स

THE BOSCOMBE VALLEY MYSTERY

बॉसकोम्ब घाटी का रहस्य

आलोक श्रीवास्तव

Sir Arthur Conan Doyle's

Sherlock Holmes

शरलॉक होम्स

The Boscombe Valley Mystery

बॉसकोम्ब घाटी का रहस्य

हिंदी लेखन

आलोक श्रीवास्तव

सह-लेखन और संपादन

आशा श्रीवास्तव

सह-लेखन एवं कवर डिज़ाइन

आदित्य श्रीवास्तव

चित्र

सिडनी पेजिट

© Authors, 2018

प्रथम संस्करण: 2018

ऊपर आरक्षित कॉपीराइट के अधीन अधिकारों को सीमित किए बिना, लेखक की पूर्व-लिखित अनुमति के बग़ैर इस प्रकाशन के किसी हिस्से का न ही पुनरूत्पादन किया जा सकता है, न ही किसी माध्यम से (इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या अन्यथा) पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहण, एकत्रण या वितरण किया जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति इस पुस्तक की सामग्री, टाइटल, डिज़ाइन अथवा मैटर को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से तोड़-मोड कर इस्तेमाल में लाता है तो कानूनी हर्जे-खर्चे व हानि का ज़िम्मेदार वह स्वयं होगा।

बिना लेखक की पूर्व-लिखित अनुमति के, इंटरनेट के माध्यम से या किसी अन्य माध्यम के द्वारा, इस किताब की स्कैनिंग, अपलोड और वितरण गैरकानूनी है और विधि द्वारा दंडनीय है।

किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति में, न्याय-क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

THE BOSCOMBE VALLEY MYSTERY

बॉसकोम्ब घाटी का रहस्य

THE BOSCOMBE VALLEY MYSTERY

बॉसकोम्ब घाटी का रहस्य

एक सुबह मेरी पत्नी और मैं, हम नाश्ते पर बैठे थे तभी एक टेलीग्राम लेकर नौकरानी अंदर आयी। यह शरलॉक होम्स की तरफ से था और जिस पर इस प्रकार से लिखा था:

क्या तुम्हारे पास देने के लिए दो दिन हैं? बॉसकोम्ब घाटी त्रासदी के सम्बन्ध में इंग्लैंड के पश्चिम से अभी-अभी तार मिला है। ख़ुशी होगी यदि तुम मेरे साथ आओगे। आबोहवा और मंजर कामिल हैं। 11:15 बजे तक पैडिंगटन छोड़ना है।

“क्या कहते हो, प्रिय?” मेरी तरफ देखते हुए मेरी पत्नी ने कहा,"क्या तुम जाओगे?”

“मैं वाकई नहीं जानता हूँ कि क्या कहूं। अभी इस समय, मेरे पास (कामों की) एक काफी लम्बी सूची है।”

"ओह, एन्सट्रूथर, तुम्हारे लिए तुम्हारे कामों को देख सकता है। बीते कुछ समय से तुम थोड़े मुरझाये हुए दिखाई देते हो। मैं सोचती हूँ कि यह बदलाव तुम्हारे लिए अच्छा साबित होगा, और तुम तो हमेशा ही मिस्टर शरलॉक होम्स के मामलों में बहुत रुचि लेते आये हो।"

"यदि मैं इस बात को न देखूं कि उनमें से एक के दौरान मुझे क्या मिला था, तो मैं अहसान फ़रामोश होऊंगा," मैंने उत्तर दिया। "किन्तु यदि मुझे निकलना है, तो मुझे तुरंत ही सामान बांधना होगा, क्योंकि मेरे पास केवल आधे घंटे का समय है।"

अफगानिस्तान में शिविर जीवन के मेरे अनुभव ने कम से कम मुझ पर यह असर छोड़ा था कि मैं फुर्तीला और मुस्तैद मुसाफिर बन गया था। मेरी जरूरतें थोड़ी और मामूली थीं, जिस वजह से निश्चित समय से कम समय में ही मैं अपने वैलिस[1] के साथ एक बग्घी में था, जो खड़खड़ाते हुए लगातार पैडिंगटन स्टेशन की तरफ जा रही थी। शरलॉक होम्स, प्लेटफार्म पर आगे-पीछे चहलकदमी कर रहा था, उसकी लम्बी, पतली-दुबली आकृति उसके लम्बे स्लेटी यात्री-लबादे और चुस्त सिली हुयी नुकीली टोपी के कारण और भी ज्यादा पतली-दुबली और लम्बी हो गयी थी।

"वॉटसन, तुम आये वाकई यह तुम्हारी बहुत अच्छाई है," उसने कहा। "यह बात मेरे लिए बहुत ही महत्व रखती है कि कोई ऐसा शख्स, जिस पर मैं पूरी तरह से भरोसा कर सकता हूँ, मेरे साथ हो। स्थानीय सहायता हमेशा या तो किसी काम की नहीं होती है या फिर पूर्वाग्रह से ग्रसित होती है। यदि तुम कोने की दो सीटें ले लो, तो मैं टिकट ले लूँगा।"

हमने अपने लिए ऐसा डिब्बा चुना था जो कागजातों के उस विशाल अम्बार को हिफाजत से रखने के लिए उपयुक्त हो जिसे होम्स अपने साथ लेकर आया था। इस अम्बार के बीच उसने तब तक उलट-पलट कर

[1] वैलिस (valise)—टूरिस्ट बैग

तलाशी ली और अध्ययन किया, बीच-बीच में वह टिप्पणियाँ बनाता और मनन करता, जब तक कि हमने पढ़ाई की अति नहीं कर दी। फिर अचानक ही उसने उन सभी को एक बहुत बड़े गोले के रूप में लपेटा और उन्हें ऊपर रैक पर फेंक दिया।

"क्या तुमने इस मामले के बारे में कुछ सुना है?" उसने पूछा।

"एक शब्द नहीं। कुछ दिनों से मैंने पेपर नहीं देखा है।"

"लंदन प्रेस ने पूरा ब्यौरा नहीं दिया है। ब्यौरों में पारंगतता पाने के उद्देश्य से अभी मैं सभी हालिया अख़बारों को देख रहा था। मैंने जो निष्कर्ष

निकाला है, उससे यह लगता है कि यह उन सबसे आसान मामलों में से एक है जो बहुत ही मुश्किल होते हैं।"

"यह कुछ विरोधाभासपूर्ण लगता है।"

"लेकिन यह बात नितांत सच है। विलक्षणता लगभग हमेशा ही एक संकेत है। एक अपराध जो जितना ज्यादा साधारण और आम होता है, उसे सुलझाना उतना ही कठिन होता है। हालांकि, इस मामले में उन्होंने मृतक व्यक्ति के लड़के के खिलाफ बहुत ही गम्भीर मुकदमा बनाया है।"

"फिर, यह कत्ल का मामला है?"

"खैर, ऐसा होने की अटकलबाजी है। मैं ऐसे ही कुछ भी सत्य नहीं मान लूँगा जब तक कि निजी तौर पर मामले की छानबीन करने का मेरे पास अवसर है। बहुत ही कम शब्दों में, जहां तक मैं इसे समझ पाने में सक्षम रहा हूँ, मैं तुम्हें घटनास्थिति के बारे में बताऊंगा।

"बॉसकोम्ब घाटी, एक गंवई इलाका है जो हियरफोर्डशायर स्थित रॉस से ज्यादा दूर नहीं है। उस इलाके में मिस्टर जॉन टर्नर—जिसने ऑस्ट्रेलिया में अपना पैसा कमाया और कुछ सालों पहले ही इस पुराने गंवई इलाके में वापस लौटा था—सबसे बड़ा भू-स्वामी है। अपने खेतों में से एक, जो हैथलाय में था, को उसने मिस्टर चार्ल्स मैककार्थी, जो खुद भी एक पूर्व ऑस्ट्रेलियाई था, को किराए पर दे दिया था। ये एक दूसरे से कालोनियों[2] में परिचित थे, इसलिए यह असहज नहीं था कि जब बसने के लिए वे इस इलाके में आये तो जितना संभव होता वे एक दूसरे के उतने करीब बसते। प्रकट रूप से टर्नर ज्यादा अमीर था, इसलिए मैककार्थी उसका किरायेदार बन गया बल्कि अभी भी बना हुआ था, उनके गुणों की पूर्ण समानता से ऐसा लगता है, कि वे अकसर साथ हुआ करते थे। मैककार्थी का अट्ठारह साल का इकलौता लड़का था, और टर्नर की इकलौती लड़की भी उसी

[2] कालोनी (colony)—बस्ती

उम्र की थी, किन्तु उन दोनों में से किसी की भी पत्नी जीवित नहीं थी। जान पड़ता है कि सोसाइटी[3] के पड़ोसी इंग्लिश परिवारों से वे लोग कटकर रहते हैं, और अपनी एकाकी जिन्दगियों को जीते हैं, यद्यपि दोनों मैककार्थी खेल के शौक़ीन थे और पड़ोस की दौड़-सभाओं में अकसर दिखाई दे जाते थे। मैककार्थी ने दो नौकर रखे थे—एक आदमी और एक लड़की। टर्नर के पास काफी घरेलू नौकर थे, कम से कम आधा दर्जन। इन परिवारों के बारे में यह उतनी जानकारी है जितनी मैं इकट्ठा कर पाया हूँ। अब तथ्यों के लिए ...।

"3 जून, यानि पिछले सोमवार को, हैथलाय स्थित अपने मकान से मैककार्थी दोपहर 3 बजे के लगभग निकला था और पैदल टहलते हुए बॉसकोम्ब तालाब, जो बॉसकोम्ब घाटी में नीचे की ओर बहने वाली एक अलग हुयी धारा से बनी एक छोटी सी झील है, की तरफ निकल गया था। रॉस में सुबह ही अपने नौकर के साथ उसने बातचीत की थी, और उसने अपने नौकर से कहा था कि उसे जल्दी करनी होगी, क्योंकि तीन बजे उसे एक महत्वपूर्ण मुलाकात करनी थी। उस मुलाक़ात से वह कभी जीवित वापस नहीं लौटा।

"हैथलाय फार्म हाउस से बॉसकोम्ब तालाब चौथाई मील की दूरी पर है, और जब वह इस मैदान से होकर गुजरा था तब दो लोगों ने उसे देखा था। उनमें से एक तो एक बूढ़ी महिला थी, जिसके नाम का जिक्र नहीं किया गया है, और दूसरा विलियम क्राउडर था जो मिस्टर टर्नर के नियोजन में एक गेम-कीपर[4] है। इन दोनों गवाहों ने साक्ष्य दिया है कि मिस्टर मैककार्थी अकेले ही पैदल जा रहे थे। गेम-कीपर ने यह भी कहा है कि मिस्टर मैककार्थी के वहां से गुजरने के कुछ ही मिनटों के भीतर उसने मिस्टर मैककार्थी के लड़के मिस्टर जेम्स मैककार्थी को अपने हाथ में एक बंदूक

---

[3] सोसाइटी (society)—सामाजिक समूह वर्ग

[4] गेम-कीपर (game-keeper)—वह व्यक्ति जिसे शिकार के लिए पशुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गयी हो।

थामें उसी रास्ते से जाते हुए देखा था। उसे पक्का यकीन है कि उस समय पिता वास्तव में दृष्टिगोचर दूरी पर था और लड़का उसका पीछा कर रहा था। घटित हो चुकी इस त्रासदी के बारे में जब तक उसने शाम को नहीं सुना था तब तक इस मामले पर उसने कुछ भी और नहीं सोचा था।

"जब विलियम क्राउडर, गेम-कीपर, की नजरों से वे ओझल हो गये तब उन दोनों मैकार्थियों को कुछ समय बाद देखा गया था। बॉसकोम्ब तालाब, जो हर तरफ से सघन जंगली पेड़ों से घिरा है, के किनारे पर गोलाई में घास और नरकट पर्याप्त रूप से उगे हैं। चौदह साल की एक लड़की पेशेंस मोरन, जो बॉसकोम्ब घाटी रियासत के लॉज-कीपर की बेटी है, उन्हीं जंगलों में से एक में फूल चुन रही थी। लड़की का कहना है कि उस दौरान जब वह वहां थी उसने, जंगल के किनारे पर और झील के निकट, मिस्टर मैककार्थी और उसके लड़के को देखा था, और वे हिंसात्मक ढंग से झगड़ते हुए जान पड़ते थे। उसने बूढ़े मैककार्थी को अपने लडके से बहुत ही तेज शब्दों में बातें करते हुए सुना था, और उसने देखा था कि मैककार्थी के लड़के ने अपने हाथ को ऐसे उठा लिया था मानो वह अपने पिता

पर जोर से प्रहार करेगा। उनके उग्र बर्ताव से वह इतनी भयभीत हो गयी थी कि वहां से भाग गयी और घर पहुँचने पर उसने अपनी माँ को बताया कि दोनों मैकार्थियों को बॉसकोम्ब तालाब के पास झगड़ते हुए छोड़ कर वह आई थी, और यह कि उसे आशंका थी कि वे लड़ने जा रहे थे। उसने मुश्किल से अपने शब्दों को कहा ही था कि तभी युवा मिस्टर मैककार्थी दौड़ते हुए लॉज में यह कहने के लिए आया कि जंगल में उसने अपने पिता को मृत पाया था, और उसने लॉज-कीपर से मदद की मांग की। वह काफी उत्तेजित था, और इस समय न तो उसके पास उसकी बंदूक थी और न ही उसकी टोपी, और उसका दाहिना हाथ और आस्तीन ताजे खून के धब्बों से अभिरंजित पाए गये थे। उसका (युवा मिस्टर मैककार्थी का) अनुसरण करने पर उन्होंने पाया कि मृतक का शरीर तालाब के पास ही घास पर पसरा हुआ पड़ा था। सिर पर किसी भारी और कुंद हथियार से कई बार प्रहार किया गया था। चोटें ऐसी थीं जो संभवतः उसके लड़के की बंदूक, जो लाश के पास ही कुछ दूरी पर घास पर पड़ी हुयी थी, की मूठ से कारित की गयी हो सकती थीं। इन परिस्थितियों में इस नौजवान को तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया था, और मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच के बाद मंगलवार को 'जानबूझकर की गयी हत्या' के किये जाने का फैसला सुनाया गया, बुधवार को उसे रॉस के मजिस्ट्रेटों के सामने पेश किया गया था, जिन्होंने मामले को आगे देखने के लिए असाइजेज[5] को संदर्भित कर दिया है। मामले से जुड़े ये वे मुख्य तथ्य हैं जो कॉरोनर[6] और पुलिस कोर्ट से निकलकर सामने आये थे।"

"इससे अधिक लानत योग्य मामले की कल्पना मैं मुश्किल से ही कर सकता हूँ।" मैंने टिप्पणी की। "अगर कभी परिस्थितिजन्य साक्ष्य एक अपराधी की तरफ इशारा करता है तो यहाँ ऐसा ही मामला है।"

---

[5] असाइजेज (Assizes)—इंग्लिश देशों के न्यायालय, जो समय-समय पर लम्बित सिविल और आपराधिक मामलों को देखते हैं।

[6] कॉरोनर (coroner)—अपमृत्यु के कारण का पता लगाने वाला अधिकारी

"परिस्थितिजन्य साक्ष्य एक बहुत ही पेचीदा चीज है," होम्स ने विचार करते हुए जवाब दिया। "किसी बात पर यह बिल्कुल स्पष्ट संकेत देता हुआ दिखाई दे सकता है, लेकिन यदि तुम अपने देखने के नजरिये को थोड़ा सा बदलते हो, तो तुम यह पा सकते हो कि यह उतने ही स्पष्ट तरीके से किसी बिल्कुल ही भिन्न बात की तरफ संकेत करता है। हालांकि, यह बात स्वीकारी जानी चाहिए कि इस नौजवान के खिलाफ यह मामला बहुत ही अधिक गम्भीर दिखाई देता है, और बहुत सम्भव है कि वास्तव में वही अपराधी हो। फिर भी, अड़ोस-पड़ोस में कई सारे लोग हैं—और उनमें से एक मिस टर्नर है, जो पड़ोसी भूस्वामी की पुत्री है—जो उसकी निर्दोषता में विश्वास करते हैं, और जिन्होंने लैस्ट्रेड, जिसे तुम '*अ स्टडी इन स्कारलेट*[7]' मामले से जोड़कर स्मरण कर सकते हो, को उस नौजवान के हित में केस पर काम करने से रोक रखा है। मामले में खुद उलझने की बजाय, लैस्ट्रेड ने इसे मेरे पास भेजा है और इसलिए यही वह वजह है कि दो अधेड़ व्यक्ति अपने घरों में अपने नाश्तों को शान्ति पूर्वक पचाने की बजाय इस समय पश्चिम की तरफ पचास मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़े जा रहे हैं।"

"मैं आशंकित हूँ," मैंने कहा,"कि तथ्य इतने सुस्पष्ट हैं कि इस मामले को हल करने का थोड़ा ही श्रेय तुम्हें मिलेगा।"

"एक सुस्पष्ट तथ्य से ज्यादा कोई भी चीज भ्रामक नहीं होती है," उसने हंसते हुए उत्तर दिया। "इसके अलावा, हमें किन्हीं अन्य दूसरे सुस्पष्ट तथ्यों—जो मिस्टर लैस्ट्रेड के लिए किसी भी तरीके से सुस्पष्ट नहीं हो सकते हैं—पर विचार करने का मौका मिल सकता है। तुम मुझे बहुत अच्छी तरह से जानते हो, यह सोचकर कि मैं डींगें मार रहा हूँ कि जब मैं कहता हूँ कि उन साधनों से मैं या तो उसके सिद्धांत की पुष्टि कर दूंगा या उसे ध्वस्त कर दूंगा, जिन्हें प्रयोग में लाने या उन्हें समझ पाने तक में वह पूरी तरह से

[7] अ स्टडी इन स्कारलेट (A Study in Scarlet)—सर आर्थर कॉनन डॉयल का पहला सफल उपन्यास

अक्षम है। अभी तुरंत इस बात का पहला उदाहरण लो, बहुत ही स्पष्ट रूप से मैं देखता हूँ कि तुम्हारे शयनकक्ष में खिड़की दाहिने हाथ की तरफ बनी है, और अब मैं पूछता हूँ कि क्या मिस्टर लैस्ट्रेड इतनी स्वतः प्रकट बात को इस तरह से गौर कर सकते थे।"

"इस सम्भावना का अंदाजा तुमने कैसे लगाया—"

"मेरे प्यारे दोस्त, मैं तुम्हें बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ। मैं जानता हूँ उस सैन्य स्वच्छता को जो तुम्हारा चरित्र-चित्रण करती है। तुम हर सुबह दाढ़ी बनाते हो, और इस मौसम में तुम सूरज की रोशनी में दाढ़ी बनाते हो; अब देखो यहाँ जैसे-जैसे हम तुम्हारी दाढ़ी की बायीं तरफ के सबसे पीछे के कोने की तरफ जाते हैं तो देखते है उस हिस्से में तुम्हारी शेविंग बहुत ही कम पूरी हो पायी है, यह लगातार फूहड़ता से बनती गयी है जब तक कि यह जबड़े के जोड़ के हिस्से के इर्दगिर्द तक नहीं पहुँच गयी है, यह बात तो पक्के तौर पर बहुत ही स्पष्ट है कि वह हिस्सा दूसरे वाले हिस्से की तुलना में कम रोशनी में रहा होगा। मैं यह बात सोच भी नहीं सकता हूँ कि तुम्हारे जैसी आदतों को रखने वाला कोई आदमी खुद को बराबर रोशनी में देख लेने के बाद ऐसे परिणाम से संतुष्ट हो सकता है। अवलोकन करने और अनुमान लगा लेने के एक छोटे से उदाहरण के रूप में मैंने केवल इस बात का जिक्र किया है। इसमें मेरा métier[8] छिपा है, और काफी सम्भव है कि यह विशेषता उस अन्वेषण में, जो हमारे सामने है, हमारे कुछ काम आ सके। यहाँ मृत्यु के कारणों की जांच रिपोर्ट में एक या दो ऐसे छोटे बिंदु है जो सामने आयें हैं, और जो गौर करने योग्य हैं।"

"क्या हैं वे?"

"ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी गिरफ्तारी तुरंत नहीं हुयी थी, बल्कि हैथलाय फार्म से लौटने के बाद हुयी थी। यह उस समय हुयी थी जब पुलिस

[8] métier—फ्रेंच शब्द जिसका अर्थ है 'व्यावसायिक हुनर'

दल के इंस्पेक्टर ने उसे बताया कि वह कैदी था, इस पर उसने टिप्पणी की थी कि यह बात सुनकर उसे कोई हैरत नहीं हुयी थी, और यह कि यह बात उस नौजवान द्वारा उम्मीद छोड़ दिए जाने से ज्यादा कुछ नहीं दर्शाती थी। उसका (जेम्स मैककार्थी का) यह अवलोकन स्वाभाविक रूप से किसी भी तरह के संदेह की जड़ों को, जो कॉरोनर की जूरी के दिमाग में रहे होंगे, मिटाने के लिए काफी था।"

"यह एक इकबालिया बयान था," मैंने उछलते हुए कहा।

"नहीं, क्योंकि इसके बाद बेगुनाही की आपत्ति पेश की गयी थी।"

"घटनाओं की ऐसी लानत योग्य कड़ियों के सर्वोच्च बिंदु पर पहुँचने पर, यह कम से कम एक बेहद संदेहास्पद टिप्पणी थी।"

"इसके विपरीत," होम्स ने कहा,"बादलों में दिखने वाली यह वो सबसे चमकदार दरार है जिसे मैं इस समय देख सकता हूँ। भले ही वह निर्दोष हो, वह पूरी तरह से ऐसा भी मूर्ख नहीं हो सकता है कि वह यह न देख सके कि परिस्थितियां उसके विरुद्ध बहुत ही अंधकारमय थीं। क्या वह अपनी गिरफ्तारी के समय अचम्भित हुआ था, या इस पर नाराजगी का नाटक करते हुए दिखाई दिया था, मुझे इस बिंदु को बहुत ही ज्यादा संदेहास्पद नजरिये से देखना होगा, क्योंकि ऐसा अचम्भा या नाराजगी इन हालातों में स्वाभाविक नहीं हो सकती है, और फिर एक षड्यंत्रकारी आदमी के लिए ऐसा दिखाई देना एक बेहतरीन नीति हो सकता है। उसका निर्भीकता से परिस्थिति को स्वीकार करना दर्शाता है कि या तो वह एक निर्दोष व्यक्ति है या फिर ऐसा आदमी है जो खुद पर गजब का नियन्त्रण और मजबूत इच्छा शक्ति रखता है। जहाँ तक आस छोड़ने के बारे में उसके कथन की बात है, यह अस्वाभाविक भी नहीं था क्योंकि यदि तुम गौर करो तो पाओगे कि वह अपने पिता के मृत शरीर के पास खड़ा था, और निस्संदेह रूप से जहाँ तक हादसे के उस दिन अपने पुत्रोचित धर्म को भूलने की बात है तो उसने अपने पिता से टेढ़ी जबान में बात की थी, और यहाँ तक कि उस

छोटी लड़की, जिसका साक्ष्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, के अनुसार उसने अपने हाथ को ऐसे उठाया था मानो वह अपने पिता को मारना चाहता हो। उसकी (जेम्स मैककार्थी की) टिप्पणी में जो आत्मदोषारोपण और पश्चाताप नजर आता है उससे मुझे लगता है कि एक दोषी आदमी होने की बजाय वस्तुतः वह एक स्वस्थचित्त का व्यक्ति है।"

मैंने अपने सिर को हिलाया। "कई आदमियों को बहुत ही तुच्छ से सबूत पर फांसी पर लटकाया जा चुका है," मैंने टिप्पणी की।

"ऐसे हुआ तो है। और कई लोगों को तो गलतपूर्ण तरीके से फांसी पर लटकाया गया है।"

"इस मामले में उस नौजवान का खुद का क्या बयान है?"

"मुझे खेद है, यह उसके समर्थकों के लिए बहुत उत्साहजनक नहीं है, हालांकि इसमें एक या दो बिंदु ऐसे हैं जो महत्वपूर्ण हैं। तुम इसे यहाँ पाओगे, और तुम इसे खुद पढ़ सकते हो।"

उसने अपने पुलिंदे से स्थानीय 'हियरफोर्डशायर पेपर' की एक प्रति बाहर निकाली, और पेपर को मोड़ते हुए उसने उस पैराग्राफ की तरफ मेरे ध्यान को आकृष्ट किया जिसमें घटित हुए हादसे के बारे में उस बदनसीब नौजवान का खुद का बयान दिया हुआ था। मैं गाड़ी के एक कोने में आराम से बैठ गया और इसे बहुत ही सावधानी से पढ़ने लगा। यह इस ढंग से लिखा था:

मिस्टर जेम्स मैककार्थी, मृतक के इकलौते बेटे, को इसके बाद बुलाया गया और उसने अपना साक्ष्य ऐसे दिया था: "घर से दूर तीन दिनों के लिए मैं ब्रिस्टल में था, और अभी बीते सोमवार, 3 तारीख, की सुबह को वापस लौटा था। मेरे आगमन के समय मेरे पिता घर से अनुपस्थित थे, और नौकरानी ने मुझे बताया था कि वह जॉन कॉब, साईस[9], के साथ बग्घी से

[9] वह व्यक्ति जो घोड़ों की देख-भाल करता है।

रॉस गये थे। मेरे लौटने के फौरन बाद मुझे अहाते में उनकी बग्घी के पहिये की आवाज सुनाई दी थी, और, अपनी खिड़की से बाहर देखने पर, मैंने उन्हें बाहर निकलते हुए और तेजी से अहाते से बाहर जाते देखा था, यद्यपि मैं नहीं जानता था कि वह किस दिशा में जा रहे थे। तत्पश्चात मैंने अपनी बंदूक उठाई और बॉसकोम्ब तालाब की दिशा में खरगोशों के बाड़े, जो दूसरी तरफ ऊंचाई पर है, की तरफ जाने के इरादे से पैदल टहलते हुए बाहर निकल गया। रास्ते में मैंने विलियम क्राउडर, गेम-कीपर, को देखा था, जैसा कि उसने अपने साक्ष्य में कहा था; लेकिन उसने यह सोचने में गलती की है कि मैं अपने पिता का पीछा कर रहा था। मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि वह मेरी आँखों के सामने थे। तभी तालाब से लगभग एक सौ गज की दूरी पर मैंने 'कुई!' शब्द, जो मेरे पिता और मेरे बीच का एक आम संकेत था, की चीख सुनी। इसके बाद मैं जल्दी से आगे की तरफ भागा, और मैंने उन्हें तालाब के पास खड़ा पाया। मुझे देखकर वह बहुत ही अचम्भित दिखाई दिए और काफी रूखे लहजे में उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं वहां क्या कर रहा था। यह बातचीत परिणामस्वरूप ऊंचे शब्दों में तबदील हो गयी और लगभग आक्रामक स्थिति में पहुँच गयी, क्योंकि मेरे पिता एक बहुत ही उग्र स्वभाव के आदमी थे। यह देखकर कि उनका जुनून नियन्त्रण के बाहर होना शुरू हो गया था, मैंने उन्हें छोड़ दिया और वापस हैथलाय फार्म की ओर चल पड़ा। हालांकि, मैं अभी 150 गज की दूरी से ज्यादा नहीं गया रहा होऊंगा, तभी अपने पीछे मैंने एक वीभत्स चीख सुनी, जिसके कारण मुझे वापस लौटना पड़ा। मैंने अपने पिता को जमीन पर मरते हुए पाया, उनका सिर बहुत बुरी तरह से घायल था। मैंने अपनी बंदूक जमीन पर गिरा दी और उन्हें अपनी बांहों में थाम लिया, लेकिन वह लगभग तुरंत ही मर गये। कुछ मिनटों के लिए मैं उनके बगल में घुटने टेक कर बैठा रहा, और इसके बाद सहायता मांगने के लिए मैंने मिस्टर टर्नर के लॉज कीपर के घर की तरफ अपना रुख किया, क्योंकि उसका घर सबसे करीब है। जब मैं वापस लौटकर आया था उस समय मैंने अपने पिता के निकट किसी को भी नहीं देखा था, और मुझे कोई अंदाजा नहीं है कि उन्हें वे चोटें कैसे

आयी थीं। वह एक लोकप्रिय व्यक्ति नहीं थे, और कुछ हद तक वह अपने आचरण से रूखे और अप्रीतिकर थे; लेकिन जहाँ तक मैं जानता हूँ, उनका कोई सक्रिय दुश्मन नहीं था। इस मामले में इससे आगे मैं कुछ भी नहीं जानता हूँ।"

कोरोनर: मरने से पहले क्या तुम्हारे पिता ने तुमसे कुछ कहा था?

गवाह: उन्होंने कुछ शब्द बुदबुदाये थे, लेकिन मैं केवल यही पकड़ सका कि वह कुछ 'अ रैट' जैसा कह रहे थे।

कोरोनर: तुमने उससे क्या मतलब निकाला था?

गवाह: मैं कोई मतलब नहीं निकाल सका था। मैंने सोचा कि वह उन्मत्त हो गये थे।

कोरोनर: वह क्या बात थी जिस पर तुम्हारे और तुम्हारे पिता में यह अंतिम झगड़ा हुआ था?

गवाह: मैं कोई जवाब नहीं देना चाहूंगा।

कोरोनर: मुझे खेद है कि मुझे इस बात पर दबाव देना होगा।

गवाह: आपको बताना वास्तव में मेरे लिए असंभव है। मैं आपको विश्वास दिला सकता हूं कि इसका उस दुःखद त्रासदी, जो घटी थी, के साथ कोई लेना देना नहीं है।

कोरोनर: इस बात का फैसला अदालत को करना है। मुझे तुम्हें यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि जवाब देने में तुम्हारे इनकार करने से भविष्य की किसी कार्यवाही, जो आगे की जा सकती है, में तुम्हारा मामला प्रतिकूल रूप से बहुत ही अधिक प्रभावित हो जाएगा।

गवाह: मैं अभी भी इंकार ही करूंगा।

कोरोनर: मैं समझता हूँ कि "कुई" शब्द की चीख तुम्हारे और तुम्हारे पिता के बीच एक सामान्य संकेत था?

गवाह: यह था।

कोरोनर: तो यह किस तरह हुआ था कि तुम्हें देखने से पहले और यह कि तुम ब्रिस्टल से लौट आये थे इस बात को जानने से पहले, उन्होंने इसे कहा था?

गवाह (काफी भ्रम की स्थिति के साथ): मैं नहीं जानता हूँ।

जूरी का एक सदस्य: चीख सुनने पर जब तुम वापस लौटे थे और तुमने अपने पिता को सांघातिक रूप से घायल पाया था, तो उस समय क्या तुमने कोई भी ऐसी चीज नहीं देखी थी जो तुम्हारे संदेहों को जगाती थी?

गवाह: पक्के तौर पर मैं कुछ कह नहीं सकता हूँ।

कोरोनर: क्या मतलब है तुम्हारा?

गवाह: उस खुले क्षेत्र के अंदर तेजी से घुसने की जल्दी में, मैं इतना व्याकुल और उत्तेजित था कि अपने पिता को छोड़कर मैं कुछ भी नहीं सोच सका था। फिर भी मुझे एक अस्पष्ट स्मृति बनी हुयी है कि जैसे ही मैं दौड़कर आगे आया था कोई चीज मेरी बायीं ओर जमीन पर पड़ी हुयी थी। मुझे ऐसा जान पड़ा था कि यह स्लेटी रंग की कोई चीज थी, किसी किस्म का एक कोट या शायद एक 'प्लेड[10]'। जब मैं अपने पिता के पास से उठा तो इसे देखने के लिए मैंने चारों तरफ नजर दौड़ाई, लेकिन वह गायब हो चुका था।

"तुम्हारा मतलब है कि मदद मांगने के लिए तुम्हारे जाने से पहले ही यह गायब हो गया था?"

"हाँ, यह गायब हो चुका था।"

"तुम यह नहीं बता सकते हो, कि यह क्या था?"

"नहीं, मुझे महसूस हुआ था कि वहां कोई चीज थी।"

"लाश से कितनी दूरी पर?"

"बारह गज या अधिक की दूरी पर।"

---

[10] प्लेड (plaid)—चारखानेदार ऊनी कम्बल को आयरलैंड और स्कॉटलैंड में प्लेड कहते हैं।

"और जंगल की सीमा से कितनी दूरी पर?"

"लगभग उतनी ही।"

"फिर यदि इसे हटाया गया था तो यह उस समय हुआ था जब तुम इसके बारह गज के दायरे के भीतर थे?"

"हाँ, लेकिन मेरी पीठ इसकी तरफ थी।"

इसने गवाह के परीक्षण को पूरा कर दिया था।

"मैं देखता हूँ," अख़बार के स्तम्भ पर नीचे नजर दौड़ाते समय मैंने कहा,"कि कोरोनर ने अपनी समापन टिप्पणी में युवा मैककार्थी पर वस्तुतः काफी कठोर टिप्पणी की थी। उसने इस विसंगति पर जोर दिया है, और तर्क रखा है, कि जेम्स मैककार्थी को देखने से पहले ही उसके पिता मैककार्थी ने उसे इशारा किया था, साथ ही यह कि उसकी अपने पिता से हुयी बातचीत का ब्यौरा देने से उसने इनकार किया है, और एकवचनीय रूप से उसने जेम्स मैककार्थी के पिता के मृत्युकालिक कथन पर जोर दिया है। जैसी उसने टिप्पणी की है उससे तो ये सारी बातें उस लड़के के बहुत ही खिलाफ जाती हैं।"

धीमी आवाज में होम्स खुद से हँसा और गद्दीदार सीट पर अंगड़ाई लेते हुए उसने खुद को सीधा किया। उसने कहा "तुमने और कोरोनर, दोनों ने ही उस नौजवान के पक्ष में सबसे मजबूत बिन्दुओं को सामने उठाने की जहमत की है। क्या तुम्हें नहीं लगता है कि तुम बारी-बारी से उसे, कभी तो बहुत ही ज्यादा और कभी बहुत ही कम कल्पनाशील बता रहे हो? इतना कम, कि वह झगड़े की एक ऐसी वजह तक ईजाद नहीं कर सकता जो उसे जूरी की सहानुभूति दिला सके; तो दूसरी ओर इतना ज्यादा कि उसने अपनी खुद की चेतना से 'अ रैट' जैसी इतनी outré[11] बात को मृतक के अंतिम

[11] outré—फ्रेंच शब्द जिसका अर्थ है 'विचित्र'

शब्द के रूप में कहे जाने, और कपड़े के गायब होने की घटना का हवाला दिया है। नहीं, श्रीमान, मैं यह मानकर कि जो कुछ इस नौजवान ने कहा है वह सच है यह नजरिया रखते हुए इस मामले की तह तक पहुंचूंगा, और हम देखेंगे कि यह अवधारणा हमें कहाँ पर ले जायेगी। और अब यहाँ मेरी जेब में पेट्रार्क[12] की कविता की किताब है, और मैं तब तक इस मामले में एक और शब्द नहीं बोलूँगा जब तक हम घटना स्थल पर पहुँच नहीं जाते। हम स्विन्डन में दोपहर का खाना लेते हैं, और मुझे लगता है कि बीस मिनट में हम वहां पहुँच जायेंगे।"

खूबसूरत स्ट्रौड घाटी से होकर गुजरने के बाद, और फिर दूर तक फैली चमचमाती सेवेर्न नदी पार करने पर, चार बजे के लगभग का समय रहा होगा जब आखिर में हमने खुद को रॉस के साफ़-सुथरे छोटे से नगरीय-कस्बे में पाया। एक दुबला-पतला, फैरेट[13] जैसा दिखाई देने वाला, रहस्यमय और देखने में चालाक दिखाई देता आदमी, प्लेटफार्म पर हम लोगों की प्रतीक्षा कर रहा था। हल्के भूरे रंग के 'डस्टकोट' और चमड़े के लम्बे जूतों, जिन्हें उसने अपने इर्द-गिर्द के गंवई परिवेश को देखते हुए पहन रखा था, के बावजूद 'स्कॉटलैंड यार्ड' के लैस्ट्रेड को पहचानने में मुझे कोई परेशानी नहीं हुई थी। उसके साथ हम 'हियरफोर्ड आर्म्स' गये जहाँ हमारे लिए पहले से ही एक कमरे की व्यवस्था कर ली गयी थी।

जैसे ही चाय पीने के लिए हम बैठे थे कि लैस्ट्रेड ने कहा "मैंने एक बग्घी लाने का आदेश दे दिया है। मैं आपके ऊर्जावान स्वभाव को जानता था, और यह कि आप तब तक संतुष्ट नहीं होंगे जब तक कि आप अपराध स्थल पर न पहुँच जाएँ।"

---

[12] पेट्रार्क (Petrarch)—एक इटैलियन कवि, जो अपनी चौपाइयों के लिए मशहूर थे।
[13] फैरेट (ferret)—वह व्यक्ति जो सक्रिय और अविरत रूप से चीजों का पता लगाता रहता है।

"तुम्हारा यह काम बहुत ही अच्छा और प्रशंसा करने योग्य था," होम्स ने जवाब दिया। "मगर यह पूरी तरह से बैरोमीटर के दबाव का प्रश्न है।"

लैस्ट्रेड ने चौंककर देखा। "मैं आपकी बात नहीं समझा," उसने कहा।

"बैरोमीटर कितना है? उनतीस, मुझे लगता है। न कोई हवा है, और न ही आसमान में कोई बादल दिखाई दे रहा है। यहाँ मेरे पास सिगरेट का भरा हुआ डिब्बा है जिसके धूम्रपान किये जाने की आवश्यकता है, और साधारण ग्रामीण होटलों के घृणास्पद सोफों से यह सोफा काफी बेहतर है। मुझे यह संभव नहीं लगता है कि आज रात मैं बग्घी का इस्तेमाल करूंगा।"

होम्स के अनुकूल लहजे में लैस्ट्रेड हँसा। "निस्संदेह, समाचार पत्रों को देखकर आपने पहले ही अपने निष्कर्षों को तैयार कर लिया है," उसने कहा। "यह मामला उतना ही सीधा-समतल है जितना एक 'पाइकस्टाफ[14]' होता है, और जो कोई इसके अंदर जितना जाएगा यह उसके लिए उतना ही सीधा-समतल होता जाता है। बेशक, अभी भी एक औरत, और ऐसी बहुत ही सकारात्मक सोच, को कोई नकार नहीं सकता है। उसने आपके बारे में सुन रखा था, और आपकी राय जानना चाहती है, हालांकि मैंने उसे कइयों बार बताया था कि कुछ भी ऐसा नहीं बचा है जिसे आप कर सकें और जो मैंने पहले से न कर लिया था। अरे, मेरी बात उसे समझाएं! यहां दरवाजे पर उसकी बग्घी खड़ी है।"

उसने अपनी बात पूरी ही की थी कि वहां सामने से एक बहुत ही खूबसूरत नवयुवती, इतनी कि शायद ही उस जैसी खूबसूरत औरत को मैंने अपने जीवन में कभी देखा हो, कमरे में तेजी से आयी। उसकी बैंगनी आँखें चमक रही थीं, उसके होंठ खुले हुए थे, उसके गालों पर एक गुलाबी लालिमा थी,

---

[14] पाइकस्टाफ (pikestaff)—एक लम्बी छड़ी जिसके सिरे पर एक नोक लगी होती है, यह देखने में बरछे जैसी होती है।

उसकी नैसर्गिक संपदा के सभी विचार उसकी उत्तेजना और चिंता के वशीभूत होकर खो गये थे।

"ओह, मिस्टर शरलॉक होम्स!" हममें से प्रत्येक पर अपनी नजर घुमाते हुए उसने चीखते हुए कहा, और अंततः, एक औरत के त्वरित अन्तर्ज्ञान से उसने मेरे साथी को कसकर पकड़ लिया,"मुझे बहुत खुशी है कि आप आ गए। मैं आपको ऐसा कहने के लिए भागती हुयी आयी हूँ। मैं जानती हूँ कि जेम्स ने हत्या नहीं की थी। मैं यह बात बहुत ही अच्छी तरह से जानती हूं, और मैं चाहती हूँ कि यह जानने के बाद आप इस मामले पर अपना काम शुरू कर दें। हत्या करने की बात को लेकर आप कभी अपने मन में कोई संदेह न आने दें। हम एक दूसरे को तब से जानते हैं जब हम छोटे बच्चे थे, और मैं उसकी खामियों के बारे में उतना जानती हूँ जितना कोई और नहीं जानता है; इसके अलावा वह इतना करुणामय है कि एक मक्खी को भी आहत नहीं कर सकता है। इस तरह का आरोप, किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए जो उसे वाकई जानता हो, बेतुका है।"

"मुझे आशा है कि हम उसे निर्दोष साबित कर सकते हैं, मिस टर्नर," शरलॉक होम्स ने कहा। "वह सब जो मैं कर सकता हूँ उस पर तुम भरोसा कर सकती हो।"

"लेकिन आपने सबूत पढ़ा है। क्या आप किसी निष्कर्ष पर पहुंचे हैं? क्या आप बचाव का कोई रास्ता नहीं देखते हैं, कोई कमजोर पहलू? क्या आपको खुद से यह नहीं लगता कि वह निर्दोष है?"

"मुझे लगता है कि यह काफी संभव है।"

"अब!" अपने सिर को घुमाते हुए और लैस्ट्रेड को अवज्ञापूर्वक देखते हुए, वह चीखी। "सुना तुमने! उन्होंने मुझे उम्मीद दिलायी है।"

लैस्ट्रेड ने अपने कंधों को उचकाया। "मुझे आशंका है कि अपने निष्कर्षों को निकालने में मेरे साथी ने थोड़ी जल्दबाजी की है," उसने कहा।



"लेकिन वह सही हैं। ओह! मुझे पता है कि वह सही हैं। जेम्स ने यह कभी नहीं किया था। और उसके पिता से उसके झगड़े के कारण के बारे में, मुझे यकीन है कि वह कोरोनर को इसलिए नहीं बोल सका क्योंकि इसमें मैं जुड़ी हुयी थी।"

"किस तरह से?" होम्स ने पूछा।

"यहाँ मेरे लिए कुछ भी छिपाने का समय नहीं है। जेम्स और उसके पिता में मुझे लेकर कई मतभेद थे। मिस्टर मैककार्थी इस बात को लेकर बहुत बेचैन थे कि हमारी शादी होनी चाहिए। जेम्स और मैंने हमेशा एक-दूसरे से भाई और बहन की तरह प्यार किया है;बेशक वह काफी युवा है और अभी उसने जिन्दगी को बहुत कम देखा है, और—और—स्वाभाविक रूप से वह अभी शादी करने जैसा कुछ करने की ख्वाहिश नहीं रख सकता था। इसलिए झगड़े होते थे, और मुझे यकीन है, यह झगड़ा उनमें से ही एक था।"

"और तुम्हारे पिता?" होम्स ने पूछा। "क्या वे ऐसे विवाह के पक्ष में थे?"

"नहीं, वह भी इस विवाह के अनिच्छुक थे। मिस्टर मैककार्थी को छोड़कर कोई भी इसके पक्ष में नहीं था।" जैसे ही होम्स ने अपनी पैनी और सवालिया निगाहों को उस महिला पर डाला एक त्वरित लालिमा उसके युवा चेहरे पर दौड़ गयी।

"इस जानकारी के लिए तुम्हारा शुक्रिया," उसने कहा। "क्या कल आकर मैं तुम्हारे पिता से मिल सकता हूँ?"

"मुझे डर है कि डॉक्टर इस बात की अनुमति नहीं देगा।"

"डॉक्टर?"

"हाँ, क्या आपने नहीं सुना है? बेचारे पिता जी, पिछले कुछ वर्षों से अस्वस्थ चल रहे हैं, लेकिन इस घटना ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया है, और डॉक्टर विलो का कहना है कि वह बहुत कमजोर हो गये हैं और यह कि उनका तंत्रिका तंत्र नष्ट हो गया है। मिस्टर मैककार्थी एकलौते ज़िंदा व्यक्ति थे जो विक्टोरिया के पुराने दिनों से पिताजी को जानते थे।"

"ओह! विक्टोरिया के! यह महत्वपूर्ण बात है।"

"हाँ, खदानों से।"

"तो ऐसी बात है; जैसा मैं समझता हूँ, मिस्टर टर्नर ने वहां, सोने की खदानों में, अपना पैसा बनाया था।"

"हां, बेशक।"

"धन्यवाद। मिस टर्नर। तुम मेरे लिए बेहद जरूरी सहायता साबित हुयी हो।"

"कल यदि आपको कोई समाचार मिलता है तो आप मुझे बतायेंगे। जेम्स से मिलने के लिए निस्संदेह आप जेल जायेंगे। ओह, मिस्टर होम्स, यदि

आप ऐसा करते हैं तो उसे बता दीजिएगा कि मैं जानती हूँ कि वह बेगुनाह है।"

"बता दूंगा, मिस टर्नर।"

"अब मुझे घर जाना चाहिए, क्योंकि पिताजी बहुत बीमार हैं, और वह मुझे बहुत याद करते हैं यदि मैं उन्हें छोड़ कर जाती हूँ। अलविदा, और आपके काम में ईश्वर आपकी मदद करे।" वह उतनी ही तेजी से कमरे के बाहर चली गयी जितनी तेजी से उसने प्रवेश किया था, और हमने उसकी बग्घी के पहियों को सड़क पर खड़खड़ करके दूर जाते हुए सुना।

कुछ मिनटों की चुप्पी के बाद लैस्ट्रेड ने गरिमापूर्ण ढंग से कहा "मैं आप से लज्जित हूँ, होम्स। आपने उन आशाओं को क्यों जगाया जिनसे आप खुद निराश होने के लिए विवश हैं? मैं बहुत कोमल दिल का नहीं हूँ, लेकिन मैं इसे क्रूरता कहता हूँ।"

"मुझे लगता है कि जेम्स मैककार्थी को बचाने के लिए मैंने अपना रास्ता देख लिया है," होम्स ने कहा। "जेल में उससे मिलने के लिए क्या तुमने आदेश ले लिया है?"

"हाँ, लेकिन केवल आपके और अपने लिए।"

"तो फिर बाहर जाने के बारे में, अपने संकल्प पर मैं पुनर्विचार करूंगा। 'हियरफोर्ड' के लिए ट्रेन पकड़ने और आज रात ही उससे मुलाक़ात करने के लिए क्या अभी भी हमारे पास समय है?"

"काफ़ी।"

"तो फिर हम ऐसा ही करते हैं। वॉटसन, मुझे डर है कि तुम इस समय को बहुत सुस्त पाओगे, लेकिन मैं केवल दो घंटों के लिए बाहर जाऊँगा।"

मैं टहलते हुए उनके साथ स्टेशन तक गया, और फिर उस छोटे कस्बे की सड़कों से घूम-फिरकर, आखिर में होटल वापस लौट आया, वहां मैं सोफे पर लेट गया और पीले आवरण के एक सस्ते उपन्यास में अपनी रुचि जगाने की कोशिश करने लगा। हालांकि उस गहरे रहस्य, जिसे हम टटोलते

हुए आगे बढ़ रहे थे, की तुलना में कहानी का अदना कथानक बहुत कमजोर था। और मैंने पाया कि सतत रूप से मेरा ध्यान घूम-फिरकर काल्पनिक कहानी से तथ्य पर आ जाता था, अंततः मैंने इस उपन्यास को उठाकर कमरे के एक कोने में फेंक दिया और दिन भर की घटनाओं पर विचार करने के लिए खुद को पूरी तरह से लगा दिया। यह मानते हुए कि इस बदनसीब नौजवान की कहानी पूरी तरह से सच्ची थी, तो फिर कौन सी जहन्नुमी चीज, कौन सी ऐसी आफत, जो पूरी तरह से अप्रत्याशित और असाधारण, हो सकती थी जो उस अवधि के दौरान घटित हुयी थी जब वह अपने पिता से अलग हुआ था, और अपने पिता की चीखों को सुनकर वापस वनपथ के भीतर दौड़ा था? यह कोई भयानक और घातक चीज थी। यह क्या हो सकती थी? क्या मेरे खुद के चिकित्सकीय सहजज्ञान से चोटों की प्रकृति के बारे में कुछ खुलासा नहीं हो सकता है? मैंने घंटी बजाई और वहां के उस साप्ताहिक स्थानीय समाचार पत्र को मंगवाया,

जिसमें मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच का शब्दशः ब्यौरा था। सर्जन के बयान में यह कहा गया था कि बायीं पेराईटल-बोन[15] के पीछे का तीसरा भाग और आसिपिटल–बोन[16] के बांयें हिस्से का आधा भाग एक कुंद हथियार के भारी प्रहार से चूर-चूर हो गया था। मैंने अपने सिर पर उस जगह को टटोला। स्पष्ट रूप से ऐसा प्रहार पीछे से ही किया गया होगा। यह बात कुछ हद तक अभियुक्त के पक्ष में थी, क्योंकि जब उसे लड़ते हुए देखा गया था तो वह और उसका पिता एक दूसरे के आमने-सामने थे। फिर भी, यह तर्क ज्यादा देर तक नहीं टिक सकता था, क्योंकि प्रहार किये जाने से पहले वह बूढ़ा आदमी अपनी पीठ घुमा सकता था। फिर भी, इस ओर होम्स का ध्यान आकृष्ट किया जाना उपयोगी हो सकता है। इसके बाद 'अ रैट' कहकर एक असामान्य मृत्युकालिक सन्दर्भ का दिया जाना। इसका क्या मतलब हो सकता है? यह उन्मत्तता नहीं हो सकती है। अचानक प्रहार से मर रहा कोई आदमी आमतौर पर उन्मत्त नहीं होता है। नहीं, ज्यादा संभावित था कि मरने वाला व्यक्ति यह बताने की कोशिश कर रहा था कि वह अपने इस अंजाम तक कैसे पहुंचा था। लेकिन इससे क्या जाहिर हो सकता है? किसी मुमकिन स्पष्टीकरण को पाने के लिए मैंने अपने दिमाग पर जोर दिया। और फिर युवा मैककार्थी द्वारा स्लेटी रंग के कपड़े को देखे जाने की घटना। अगर यह बात सच थी तो भागते समय, कातिल ने अपने पहनावे के किसी कपड़े, संभवतः अपने ओवरकोट, को वहां गिरा दिया था, और वहां दुबारा वापस लौटने की हिम्मत दिखाई होगी और उसने इसे उस क्षण हटाया होगा जब वह लड़का अपनी पीठ पीछे किये हुए घुटनों के बल उससे बा-मुश्किल बारह कदमों की दूरी पर बैठा था। पूरा घटनाक्रम, रहस्यों और असम्भाव्यताओं का कैसा महीन ताना-बाना था! लैस्ट्रेड के मत पर मुझे हैरत नहीं थी, किन्तु फिर भी, मुझे शरलॉक होम्स की अन्तर्दृष्टि

---

[15] पेराईटल-बोन (parietal bone)—वे दो अस्थियाँ जो एक साथ मिलकर आदमी की खोपड़ी के शीर्ष और किनारे के भागों को बनाती हैं।

[16] आसिपिटल–बोन (occipital bone)—वह अस्थि जो खोपड़ी के पिछले हिस्से को बनाती है और गर्दन के जोड़ के पास होती है।

पर इतना अधिक यकीन था कि मैं तब तक उम्मीद नहीं छोड़ सकता था जब तक कि हर नया तथ्य युवा मैककार्थी की बेगुनाही के उसके (होम्स के) यकीन को दृढ़ करता हुआ दिखाई देता था।

शरलॉक होम्स के वापस आने से पहले ही काफी रात हो चुकी थी। वह अकेला ही लौटा था, क्योंकि लैस्ट्रेड शहर में ही किराए के कमरे में ठहरा हुआ था।

"बैरोमीटर अभी भी बहुत चढ़ा हुआ है," बैठते समय उसने टिप्पणी करते हुए कहा। "जरूरी बात यह है कि हमारे उस जमीन पर पहुँचने के लिए समर्थ होने से पहले बारिश नहीं होनी चाहिए। हालांकि, ऐसे अच्छे काम के लिए जैसा यह है कोई आदमी अपनी सबसे बेहतर कोशिश करता और बहुत ही दिलचस्पी दिखाता, और मैं, एक लम्बी यात्रा से बुरी तरह थकने के बाद, इसे नहीं करना चाहता था। मैं युवा मैककार्थी से मिला।"

"और उससे तुम्हें क्या पता चला?"

"कुछ भी नहीं।"

"क्या वह इस मामले पर कोई प्रकाश न डाल सका?"

"बिलकुल भी नहीं। एक समय मैं यह सोचने के लिए मजबूर हो गया था कि वह जानता था कि यह किसने किया था और वह, उस कातिल पर पर्दा डाल रहा था, लेकिन अब मैं आश्वस्त हूं कि वह इस पहेली में उतना ही उलझा हुआ है जितना दूसरे सभी व्यक्ति। वह बहुत चतुर नवयुवक नहीं है, भले ही देखने में सुंदर और, मुझे लगता है, दुरुस्त दिल का है।"

"मैं उसकी पसंद की प्रशंसा नहीं कर सकता हूँ," मैंने टिप्पणी की,"यदि वास्तव में तथ्य यह है कि वह मिस टर्नर जैसी इतनी आकर्षक युवती से शादी के खिलाफ था।"

"आह, इसके पीछे वस्तुतः एक दर्दनाक कहानी है। यह आदमी पागलों की तरह, दीवानगी की हद तक, उससे प्यार करता है, लेकिन कुछ दो साल पहले, जब वह केवल लड़का ही था, और इससे पहले कि वास्तव में वह उसे जान पाता, वह पांच साल के लिए एक बोर्डिंग स्कूल में दूर चली गयी, यह बेवकूफ ब्रिस्टल में एक बारमेड[17] के चंगुल में फंसने और एक रजिस्ट्री कार्यालय में उससे शादी करने के सिवाय करता भी क्या? इस मामले के बारे में किसी को कुछ भी मालूम नहीं है, लेकिन तुम कल्पना कर सकते हो कि उस चीज को न करने के लिए फटकार खाना उसके लिए कितना पागल कर देने वाला रहा होगा जिसे करने के लिए वह अपनी खुद की आँखें कुर्बान करने को तैयार हो जाता, लेकिन जिसका होना वह बिलकुल असंभव जानता है। यह एकदम से आया ऐसा उन्माद था जिसने उसे उस समय हवा में अपना हाथ उठाने के लिए मजबूर कर दिया था जब उसका पिता, उनकी अंतिम भेंट में, मिस टर्नर से शादी की बात करने के लिए उसे उकसा रहा था। दूसरी ओर, खुद का समर्थन करने के लिए उसके पास कोई जरिया नहीं था, और उसके पिता, जो हर तरह से बहुत ही सख्त आदमी थे, सच्चाई जानने के बाद उससे पूरी तरह से अपने रिश्ते को खत्म कर लेते। यह उसकी वही बारमेड पत्नी थी जिसके साथ ब्रिस्टल में उसने पिछले तीन दिन बिताये थे, और उसके पिता को यह पता नहीं था कि वह कहाँ था। इस बात पर गौर करो। यह महत्वपूर्ण है। हालांकि, बुराई से अच्छाई निकल आयी है, क्योंकि उस बारमेड को जब समाचारपत्रों के जरिये पता चला कि वह (युवा मैककार्थी) गम्भीर मुसीबत में है और सम्भवतः उसे (युवा मैककार्थी को) फांसी दी जायेगी, तो उसने उससे सम्बन्ध को पूरी तरह से खत्म कर लिया और उसे यह बताने के लिए एक चिट्ठी लिखी कि बरमूडा डॉकयार्ड में उसके पहले से ही एक पति है, इसलिए वास्तव में उनके बीच कोई विवाह-बंधन नहीं है। मुझे लगता है

[17] बारमेड (barmaid)—मधुशाला-परिचारिका

कि युवा मैककार्थी ने जो सब-कुछ सहा है उसमें इस खबर ने उसे सांत्वना दी है।"

"लेकिन अगर वह निर्दोष है, तो यह हत्या किसने की है?"

"आह! किसने? मैं विशेषरूप से दो बिंदुओं की तरफ तुम्हारा ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। पहला यह कि मृतक व्यक्ति को उस तालाब पर 'किसी आदमी' से मुलाक़ात करनी थी, और वह 'किसी आदमी' उसका लड़का नहीं हो सकता था, क्योंकि उसका लड़का बाहर गया था, और मृतक यह नहीं जानता था कि वह कब लौटेगा। दूसरा यह है कि मृतक यह जान पाता कि उसका लड़का लौट आया था उससे पहले ही मृतक को 'कुई!' कहते हुए सुना गया था। ये वे निर्णायक बिंदु हैं जिन पर यह मामला निर्भर करता है। और अब, यदि तुम्हें आपत्ति न हो तो हम इंग्लिश उपन्यासकार जॉर्ज मेरेडिथ के बारे में बात करते हैं, और सभी छोटी बातों को कल तक के लिए छोड़ते हैं।"

जैसा कि होम्स ने पहले ही कहा था कोई बारिश नहीं हुयी। और सुबह, उज्ज्वल और बादलों रहित थी। नौ बजते ही बग्घी के साथ लैस्ट्रेड हमें लेने के लिए आ गया, और हम हैथलाय फार्म और बॉसकोम्ब तालाब जाने के लिए रवाना हुए।

"इस सुबह यह एक गंभीर समाचार है," लैस्ट्रेड ने कहा। "कहा गया है कि हॉल के मिस्टर टर्नर, इतने अधिक बीमार हैं कि उनके जीवित बचने की कोई उम्मीद नहीं है।"

"मैं मानता हूँ, वह एक बुजुर्ग आदमी हैं?" होम्स ने कहा।

"साठ वर्ष के लगभग; लेकिन विदेश में जीवन बिताने के कारण उनकी शरीरावस्था छिन्न-भिन्न हो गयी है, और पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। इस कारोबार ने उनके ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। वह मैककार्थी के एक पुराने दोस्त थे, और, मैं आगे यही कह

सकता हूँ, बहुत बड़े शुभचिंतक थे, क्योंकि मुझे पता चला है कि उन्होंने मैककार्थी को हैथलाय फार्म बिना किसी किराए के दिया था।"

"वास्तव में! यह दिलचस्प बात है," होम्स ने कहा।

"अरे हाँ! दूसरे सौ तरीकों से उन्होंने उसकी मदद की है। यहाँ आस-पास रहने वाला हर शख्स उनकी उसके प्रति दयालुता के बारे में बोलता है।"

"वास्तव में! क्या यह बात तुम्हें कुछ अटपटी नहीं लगती है कि यह मैककार्थी, जिसके पास अपनी खुद की थोड़ी ही सम्पत्ति जान पड़ती है, और जो टर्नर के अहसानों से ऐसे दबा हुआ है, तथापि टर्नर की बेटी, जो उसकी सम्पत्ति की सम्भावित उत्तराधिकारिणी है, से अपने बेटे की शादी कराए जाने की बात कह सकता है, और वह भी ऐसे बहुत ही अतिविश्वासी तरीके से, मानो यह महज एक प्रस्ताव का मामला है और बाकी चीजें अपने आप ही हो जाएंगी? यह बात और भी विचित्र है, क्योंकि हम जानते हैं कि टर्नर स्वयं, शादी के इस विचार के खिलाफ था। उसकी पुत्री ने हमें ऐसा ही बताया था। इन चीजों से तुम कोई निष्कर्ष नहीं निकालते हो?"

"हमें अपने नतीजे और निष्कर्ष मिल चुके हैं," लैस्ट्रेड ने मुझे आँख मारते हुए कहा,"होम्स! सिद्धांतों और कल्पनाओं के पीछे भागे बिना, तथ्यों को समझना मुझे काफी मुश्किल लगता है।"

"तुम सही कहते हो," होम्स ने बड़ी विनम्रता से कहा; "तथ्यों को समझना तुम्हें बहुत मुश्किल लगता है।"

"चाहे जैसे, मुझे एक तथ्य मिला है जिसका समझा जाना तुम्हारे लिए मुश्किल दिखाई देता है," कुछ गर्मजोशी के साथ लैस्ट्रेड ने उत्तर दिया।

"और वह यह है—"

"कि मैककार्थी सीनियर अपनी मृत्यु से मैककार्थी जूनियर के कारण मिला था और यह कि इसके प्रतिकूल कहे गये सभी सिद्धांत केवल moonshine[18] हैं।"

"ठीक है, moonshine[19] कुहरे से ज्यादा रौशन चीज है," होम्स ने हँसते हुए कहा। "लेकिन मैं बहुत गलत होऊंगा, अगर बाईं तरफ यह हैथलाय फार्म नहीं है।"

"हाँ, यह वही है।" यह दूर तक फैली हुयी, देखने में आरामदायक, स्लेटी पट्टी की छत वाली दो मंजिला एक इमारत थी, जिसकी भूरी दीवारों पर काई के बड़े-बड़े पीले धब्बे पड़े थे। फिर भी, नीचे तक खींचे गये परदे और धुएंरहित चिमनियां इसे उदास रूप देते थे, मानो इस विभीषिका का बोझ

[18] moonshine—का अर्थ 'बकवास' से है।

[19] moonshine—का अर्थ यहाँ होम्स ने 'चाँद की रौशनी' लिया है न कि 'बकवास'।

अभी भी इसे बोझिल किये हो। हम उस समय कुछ देर के लिए दरवाजे पर रुके जब नौकरानी ने, होम्स के कहने पर, हमें वे जूते दिखाए जिसे उसके मालिक ने अपनी मौत के समय पहना था, और साथ ही उसने हमें लड़के के जूते का जोड़ा भी दिखाया, हालांकि यह वह जोड़ा नहीं था जिसे उसने उस समय पहना था। इन्हें बहुत ही सावधानी से सात या आठ भिन्न बिन्दुओं से नापने के पश्चात् होम्स ने आँगन में जाने की इच्छा जताई, वहां से हम सबने एक घुमावदार रास्ते का अनुसरण किया जो बॉसकोम्ब तालाब जाता था।

ऐसी गंध मिलने पर जैसी यह थी, शरलॉक होम्स पूरी तरह से बदल चुका था। वे लोग उसे पहचानने में नाकाम हो जाते, जो उसे केवल बेकर स्ट्रीट के शांत विचारक और तर्क-शास्त्री के रूप में जानते थे। उसका चेहरा लाल और संजीदा हो गया था। उसकी भौंहें दो काली लकीरों का मिलन जान पड़ती थीं, जबकि उनके नीचे उसकी आँखें इस्पाती चमक के साथ दमक रही थीं। उसका चेहरा नीचे की ओर था, उसके कंधे झुके हुए थे, उसके होंठ दबे थे, और उसकी लम्बी, स्नायु-युक्त गर्दन में नसें व्हिपकार्ड[20] की भांति तनी हुयी बाहर खड़ी थीं। उसके नथुने, शिकार का पीछा करने की एक पाशविक लिप्सा से, पूरी तरह फैले हुए जान पड़ते थे। और उसका मस्तिष्क उसके सामने आये मामले पर पूरी तरह से ऐसे एकाग्र हो गया था कि उसके कानों में पड़ने वाला कोई सवाल या टिप्पणी अनसुना हो जाता, या प्रतिक्रिया में, ज्यादा से ज्यादा, केवल एक तेज, अधीर गुर्राहट होती। तेजी से और चुपचाप, रास्ते के साथ अपना रास्ता बनाते हुए वह चरागाह से होते हुए गुजरा, और ऐसे ही जंगल के रास्ते से होता हुआ बॉसकोम्ब तालाब तक पहुँच गया। यह नम, दलदली मैदान था, जैसा कि यह समूचा क्षेत्र है, और वहां रास्ते और उस छोटी घास—जिसने तालाब को हर तरफ से घेरा था—के बीच, दोनों ही जगहों पर पांवों के कई निशान थे। कभी

[20] व्हिपकार्ड (whipcord)—गूंथे हुए सन अथवा कपास की एक पतली सख्त डोरी, जिसे चाबुक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

होम्स लगातार आगे बढ़ता जाता, कभी निश्चेष्ट होकर रुक जाता, और उसने घास के मैदान में पूरी तौर पर एक बार एक छोटा चक्कर लगा लिया था। लैस्ट्रेड और मैं, टहलते हुए उसके पीछे गये थे। जासूस उदासीन और उपेक्षापूर्ण था, जबकि मैं अपने मित्र को उस दिलचस्पी से देख रहा था जो इस विश्वास के साथ एकाएक पैदा हुयी थी कि उसकी हर हरकत एक निश्चित अंजाम की ओर प्रवृत्त थी।

बॉसकोम्ब तालाब, जो छोटे नरकटों से घिरी पानी की लगभग पचास गज फैली एक चादर है, हैथलाय फार्म और धनवान मिस्टर टर्नर के निजी पार्क की सीमा के बीच स्थित है। दूर तक पंक्तिबद्ध होकर लगे हुए पेड़ों के ऊपर से हम लाल रंग के, बाहर की तरफ निकले हुए पिंनैकिल्स[21] देख सकते थे जो धनवान भूस्वामी के निवास-स्थान को दर्शाते थे। तालाब के हैथलाय की ओर वाले हिस्से में जंगल ज्यादा घना था, और वहां पेड़ों के किनारों और उन नरकटों, जो तालाब के किनारे पंक्तिबद्ध होकर उगे थे, के बीच बीस कदमों की दूरी तक जाती हुयी घास की पूरी तरह से भीगी हुयी एक संकरी पट्टी थी। लैस्ट्रेड ने हमें ठीक वह जगह दिखायी, जहां शव पड़ा पाया गया था, और, वास्तव में वह भूमि इतनी नम थी, कि चोट खाकर धराशायी हुए उस आदमी के गिर पड़ने से बने निशानों को मैं साफ़ तौर पर देख सकता था। जैसा कि मैं होम्स के उत्सुक चेहरे और तलाश करती निगाहों से देख सकता था, वहां होम्स के लिए उस कुचली हुयी घास पर कई अन्य चीजें थीं जिन्हें समझा जाना बाकी था। गंध की पहचान कर रहे एक कुत्ते की भांति वह हर तरफ दौड़ रहा था, और फिर वह लैस्ट्रेड की तरफ मुड़ा।

"तुम तालाब के भीतर क्या करने गये थे?" उसने पूछा।

---

[21] पिंनैकिल (pinnacles)—गौथिक वास्तुकला के अनुसार बनी सीधी खड़ी इमारत के मेहराबी शिखर

"मैं एक रेक[22] के साथ तलाशी के लिए गया था। मैंने सोचा कि वहां कोई हथियार या अन्य कोई सुराग हो। लेकिन आपने यह कैसे जाना—?"

"ओह, च-च-! मेरे पास समय नहीं है! क्योंकि इसके भीतरी मोड़ पर हर जगह तुम्हारे पैरों के धंसे हुए निशान हैं। एक जासूस इसका पता लगा सकता है, और ये निशान उन नरकटों के बीच खत्म होते हैं। आह, यह सब कितना आसान होता यदि भैंसों के झुण्ड की तरह उनके यहाँ पहुँचने और इस पूरी जगह पर लोटने से पहले ही मैं यहाँ आ गया होता। यह वह जगह है जहाँ लॉज-कीपर के साथ लोगों का दल आया था, और उन लोगों ने लाश के इर्दगिर्द छह या आठ फीट की दूरी तक सारे निशानों को ढंक दिया है। लेकिन यहाँ पर एक ही आदमी के पैरों के तीन अलग-अलग निशान हैं।" उसने आवर्धक लेंस निकाला और अपने बरसाती कोट के ऊपर जमीन पर लेट गया ताकि ज्यादा बेहतर तरीके से वह देख सके, ऐसा करने के दौरान सारे समय वह खुद से ही बोलता रहा बजाय इसके कि वह हमसे कुछ कहता। "यह युवा मैककार्थी के पैरों के निशान हैं। वह दो बार चला था, और एक बार तेजी से दौड़ा था, जिस वजह से पैरों के तले गहरे धंसे हुए दिखाई देते हैं और एड़ियों के चिन्ह मुश्किल से ही दिखाई देते हैं। जो

[22] रेक (rake)—घास जमा करने का औज़ार

उसकी कहानी का समर्थन करते हैं। वह उस समय दौड़ा था जब उसने देखा कि उसके पिता जमीन पर पड़े थे। इसके बाद यहाँ उसके पिता के पैरों के निशान हैं जब वह आगे-पीछे चहलकदमी कर रहे थे। तो, फिर यह क्या है? यह बंदूक के मूठ के सिरे का चिह्न है, जो तब बना होगा, जब पुत्र यहां खड़ा अपने पिता की बातें सुन रहा था। और यह? हा, हा! यहाँ हमें क्या मिला है? दबे पाँव चलने के निशान! दबे पाँव चलने के निशान! समकोणीय, और काफी असामान्य जूते! वे आते हैं, वे जाते हैं, वे फिर से आते हैं—बेशक वे लबादे के लिए ही लौटे होंगे। अब वे किधर से आये थे?" वह आगे-पीछे दौड़ा, कभी सुराग खो जाते तो कभी मिल जाते ऐसा तब तक चलता रहा जब तक हम जंगल के किनारे और 'बीच' के उस पेड़ की छाया तक नहीं पहुँच गये जो आसपास के पेड़ों में सबसे बड़ा था। इस जगह के दूरस्थ स्थान पर होम्स ने अपने रास्ते का पीछा किया और अपने चेहरे पर संतुष्टि की एक छोटी चीख के साथ एक बार फिर से वह जमीन पर नीचे लेट गया। काफी देर तक वह वहीं रुका रहा, सूखी लकड़ियों और पत्तियों को उलटता-पलटता रहा, एक लिफ़ाफ़े में, मुझे जान पड़ा, धूल इकट्ठा की और अपने लेंस से न केवल जमीन का बल्कि एक पेड़ की छाल का वहां तक निरीक्षण किया जहाँ तक वह कर सकता था। काई के बीच में एक नुकीला पत्थर पड़ा हुआ था, इसका भी उसने सावधानी से निरीक्षण किया और सावधानी से इसे उठा लिया। इसके बाद उसने जंगल से होते हुए एक रास्ते का तब तक पीछा किया जब तक वह उस मुख्य मार्ग तक नहीं पहुँच गया, जहाँ सारे निशान गायब होते थे।

"यह बहुत ही रोचक मामला रहा है।" अपने स्वाभाविक लहजे में आते हुए उसने कहा। "मेरे हिसाब से दायीं तरफ स्थित यह स्लेटी मकान एक लॉज है। मुझे लगता है कि मैं अंदर जाऊंगा और मोरान[23] लोगों से बात करूंगा, और सम्भवतः एक पत्र लिखूं। ऐसा करने के बाद, दोपहर के अपने

[23] मोरान (Moran)—मसाई लोगों का एक समुदाय, जिसके सदस्य अविवाहित युवा लोग होते हैं।

भोजन के लिए हम वापस जा सकते हैं। तुम लोग बग्घी तक चलो, मैं जल्द ही तुम लोगों के साथ होऊंगा।"

लगभग दस मिनट बीते होंगे जब हम अपनी बग्घी में फिर से बैठ गये और रॉस जाने के लिए वापस चल दिए, होम्स अभी भी अपने साथ वह पत्थर लिए हुए था, जिसे उसने जंगल से उठाया था।

"इसमें तुम्हारी दिलचस्पी हो सकती है, लैस्ट्रेड," इसे बाहर निकालते हुए उसने टिप्पणी की। "हत्या इससे की गयी थी।"

"मुझे तो कोई निशान नहीं दिखता।"

"इस पर कोई भी निशान नहीं है।"

"तब, आप कैसे जानते हैं?"

"इसके नीचे घास उग रही थी। यह केवल कुछ दिनों से वहां पड़ा था। कोई भी ऐसी जगह नहीं दिखाई दे रही थी जहां से इसे उठाया गया था। यह बात चोटों से मेल खाती है। इसके अलावा किसी अन्य हथियार का कोई निशान नहीं है।"

"और हत्यारा कौन है?"

"वह एक लम्बा आदमी है, जो बाएं हाथ से काम करता है, दायें पाँव से लंगड़ाकर चलता है, मोटे तले के शिकारी जूते और स्लेटी लबादा पहनता है, भारतीय सिगार पीता है, सिगार होल्डर का प्रयोग करता है, और अपनी जेब में एक खुरदुरा जेबी-चाकू रखता है। इसके अलावा और भी कई संकेत हैं, लेकिन हमारी तलाश में हमारी मदद के लिए इतने ही काफी हैं।"

लैस्ट्रेड हंसा। "मुझे आशंका है कि मैं अभी भी शंकाशील हूँ।" उसने कहा। "आपके सभी सिद्धांत ठीक हो सकते हैं, किन्तु हमें अपनी बात भावनाविहीन ब्रिटिश जूरी के सामने रखनी पड़ेगी।"

"*Nous verrons*[24]," होम्स ने शान्तिपूर्वक उत्तर दिया। "तुम अपने तरीके से काम करो, और मैं अपने तरीके से करूंगा। इस दोपहर मैं व्यस्त रहूँगा, और सम्भवतः शाम की ट्रेन से लन्दन लौट जाऊँगा।"

"और अपने मामले को अधूरा छोड़ देंगे?"

"नहीं, यह खत्म हो गया है।"

"किन्तु रहस्य?"

"यह सुलझ चुका है।"

"तो फिर, अपराधी कौन था?"

"वही आदमी, जिसका मैंने वर्णन किया है।"

"किन्तु वह है कौन?"

"निश्चित रूप से यह पता लगाना कठिन नहीं होगा। यह इतना भीड़-भाड़ वाला इलाका नहीं है।"

लैस्ट्रेड ने अपने कंधे उचकाये। "मैं एक व्यावहारिक आदमी हूँ।" उसने कहा,"और कस्बे में, बाएं हाथ के लंगड़ी टाँग वाले एक आदमी को ढूँढने की जिम्मेदारी, मैं वाकई नहीं ले सकता हूँ। मैं स्कॉटलैंड यार्ड का हंसी का पात्र बन जाऊँगा।"

"ठीक है," होम्स ने शांत लहजे से कहा। "मैंने तुम्हें एक अवसर दिया है। यहाँ तुम्हारा अस्थाई आवास आ गया है। अलविदा। जाने से पहले मैं तुम्हारे लिए एक खाका खींचकर जाऊँगा।"

लैस्ट्रेड को उसके कमरे में छोड़कर, हम अपने होटल की तरफ रवाना हो गये, वहाँ पहुँचने पर खाने को हमने मेज पर तैयार रखा पाया। होम्स चुप

---

[24] Nous verrons—फ्रेंच वाक्य जिसका अर्थ है 'हम देख लेंगे।'

था और अपने चेहरे पर एक वेदनायुक्त भाव, जिसे कोई आदमी उस समय महसूस करता है जब वह खुद को उलझन भरी स्थिति में पाता है, के साथ विचारों में खोया हुआ था।

"वॉटसन, ध्यान देना!" मेजपोश के साफ़ हो जाने के पश्चात उसने मुझसे कहा,"इस कुर्सी पर बैठो और कुछ देर के लिए मुझे अपनी बात कह लेने दो। मैं नहीं जानता हूँ कि क्या करूं, और मुझे तुम्हारी सलाह की आवश्यकता है। सिगार जला लो और मुझे व्याख्या करने दो।"

"बोलो।"

"अच्छा, अब, इस मामले पर विचार करने में, युवा मैककार्थी के बयान के बारे में दो बिन्दु ऐसे हैं, जो हम दोनों को तुरंत ही सूझे थे। यद्यपि वे मुझे युवा मैककार्थी के पक्ष में लगे थे और तुम्हें विरोध में। पहला तथ्य यह था कि उसके बयान के अनुसार उसके पिता ने उसे देखने से पहले ही 'कुई!' की चीख निकाली थी। दूसरा तथ्य यह था कि मृत्युकालिक अपने कथन में उसके पिता ने 'अ रैट, ' जैसा कोई असामान्य शब्द कहा था। तुम समझ सकते हो, उसने कई सारे शब्द बुदबुदाए थे, लेकिन लड़के के कान केवल इसी 'अ रैट, ' शब्द को पकड़ पाए थे। अब इन दो बिन्दुओं से हमारे अनुसंधान की शुरुआत होनी चाहिए, और हम इसे यही मानते हुए शुरू करेंगे कि जो कुछ लड़के ने कहा है वह पूरी तरह से सच है।"

"तो फिर इस 'कुई!' का क्या चक्कर है?"

"स्पष्ट रूप से इसे लड़के के लिए नहीं कहा जा सकता था। जहाँ तक पिता जानता था, लड़का ब्रिस्टल में था। यह केवल संयोग ही था कि वह आवाज के सुनाई देने की सीमा में था। 'कुई!' की आवाज उस व्यक्ति का ध्यान आकर्षित करने के लिए की गयी थी, जिससे उसकी मुलाक़ात होनी निर्धारित थी। आमतौर पर 'कुई!' पृथक रूप से आस्ट्रेलियन चीख में प्रयुक्त होने वाला शब्द है, और यह एक ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग ऑस्ट्रेलिया के लोग आपसी बातचीत में करते हैं। इस बात की काफी सम्भावना है कि

वह आदमी, जिससे बॉसकोम्ब तालाब पर मिलने की अपेक्षा मैककार्थी कर रहा था, कोई ऐसा शख्स था जो ऑस्ट्रेलिया में रह चुका था।"

"तब, 'अ रैट' का क्या मतलब है?"

शरलॉक होम्स ने अपनी जेब से मुड़ा हुआ एक कागज बाहर निकाला और इसे मेज पर फैला दिया। "यह विक्टोरिया की बस्ती का नक्शा है," उसने कहा। "बीती रात ब्रिस्टल में मैंने एक तार भेजा था।" नक्शे के एक हिस्से पर उसने अपना हाथ रखा। "तुम क्या पढ़ते हो?" उसने पूछा।

"अ रैट," मैंने पढ़ा।

"और अब?" उसने अपना हाथ हटाया।

"बैलारैट।"

"बिलकुल सही। यही वह शब्द था जिसे उस आदमी ने कहा था, और जिसके आखिरी दो शब्दांशों को ही उसका लड़का पकड़ पाया था। वह अपने हत्यारे का नाम बताने की कोशिश कर रहा था। फलाना-फलाना, की बैलारैट का रहने वाला है।"

"यह कमाल का है!" मैंने विस्मय प्रकट करते हुए कहा।

"यह स्पष्ट है। अब तुम देखो, मैंने अनुसंधान के दायरे को काफी छोटा कर लिया था। स्लेटी लबादे का कब्जे में लिया जाना वह बिंदु था जो निश्चितता की हद तक लड़के के बयान को सही साबित करता था। केवल ऊहापोह की स्थिति से अब हम इस निश्चित धारणा तक आ पहुंचे हैं कि यह आदमी बैलारैट से आया कोई ऑस्ट्रेलियाई है, जिसके पास स्लेटी रंग का लबादा है।"

"निश्चित रूप से!"

"और एक ऐसा आदमी जो जिले में घर पर ही था, क्योंकि तालाब तक या तो केवल फ़ार्म या फिर रियासत, जहाँ कोई अजनबी मुश्किल से पहुँच सकता था, के रास्ते ही पहुंचा जा सकता है।"

"बिलकुल ऐसा ही है।"

"अब आता है हमारा आज का अभियान। जमीन के निरीक्षण से मुझे अपराधी के व्यक्तित्व के सम्बन्ध में मामूली जानकारियाँ हासिल हुयी थीं, जिसे मैंने उस अल्पबुद्धि लैस्ट्रेड को बताया था।"

"परन्तु वे जानकारियाँ तुम्हें हासिल कैसे हुयी थीं?"

"तुम मेरे तरीके को जानते हो। यह छोटी-छोटी बातों के निरीक्षण पर आधारित है।"

"मैं जानता हूँ कि उसके कदमों के बीच की दूरी से उसके कद का कच्चा-कच्चा अंदाजा तुमने लगाया होगा। उसके जूते भी, अपने निशानों से इस बात को बता सकते हैं।"

"हां, वे बड़े असामान्य जूते थे।"

"किन्तु उसका लंगड़ापन?"

"उसके दायें पाँव की छाप हमेशा ही उसके बाएं पाँव की तुलना में कम स्पष्ट थी। इस पर उसने कम वज़न रखा था, क्यों? क्योंकि वह लंगड़ाकर चला था—वह लंगड़ा था।"

"और उसके बायें हाथ का होना?"

"मृत्यु के कारणों की जांच रिपोर्ट में सर्जन द्वारा अभिलिखित की गयी चोट की प्रकृति से तुम खुद भी अचम्भित हो गये थे। प्रहार को ठीक पीछे से किया गया था, और फिर भी वह बायीं तरफ था। अब, भला यह कैसे संभव हो सकता है जब तक कि यह बाएं हाथ के आदमी द्वारा न किया

गया हो? पिता और पुत्र के मुसाहिबे के दौरान वह उस पेड़ के पीछे खड़ा था। यहाँ तक कि वहां उसने धूम्रपान भी किया था। वहां मुझे सिगार की राख मिली थी। तम्बाकू की राख के अपने विशिष्ट ज्ञान के कारण मैं बता सकता हूँ कि यह एक भारतीय सिगार था। जैसा कि तुम जानते हो, मैंने इस पर थोड़ा शोध किया है, और 140 विभिन्न प्रकार के पाइप, सिगार और सिगरेटों की तम्बाकू की राखों पर एक छोटा लेख भी लिखा है। राख मिलने पर, मैंने आसपास नजर दौड़ाई और काई के बीच पड़े सिगार के टोटे को खोज निकाला जिसे उसने वहां फेंका था। यह एक भारतीय सिगार था, जो उस ख़ास गुणवत्ता का था जिसे राटरडैम में बनाया जाता है।"

"और वह सिगार होल्डर?"

"मैं देख सकता था कि टोटा उसके मुंह के सम्पर्क में नहीं आया था। इसलिए उसने होल्डर का इस्तेमाल किया था। सिगार के अग्रभाग को काटा गया था न कि मुंह से चबाया गया था, लेकिन यह कटाव साफ़-सुथरा नहीं था, अतः मैंने एक खुरदुरे जेबी-चाकू के होने का निष्कर्ष निकाला।"

"होम्स," मैंने कहा,"तुमने इस आदमी के चारों तरफ एक ऐसा जाल बिछा दिया है जिससे वह बच नहीं सकता है और तुमने एक बेगुनाह इंसान की जिन्दगी को सचमुच वैसे ही बचाया है मानो तुमने उस रस्सी को ही काट दिया हो जो उसे लटकाने जा रही थी। मैं उस दिशा में देख सकता हूँ जिधर ये सारे बिंदु संकेत करते हैं। अभियुक्त है—।"

हमारे बैठक कक्ष के दरवाजे को खोलते हुए और आगन्तुक से हमारी भेंट कराते हुए, होटल का वेटर बोला,"मिस्टर जॉन टर्नर!"



प्रवेश करने वाला शख्स एक अजनबी था और प्रभावशाली कदकाठी का था। उसके सुस्त, लंगड़ाते कदम और झुके हुए कंधे उसकी दुर्बलता को जाहिर करते थे, लेकिन फिर भी उसकी सख्त, गहरी झुर्रीदार, चट्टानी शक्लोसूरत, और उसके विशाल अंग दिखाते थे कि वह असाधारण शारीरिक और चारित्रिक ताकत का स्वामी था। उसकी उलझी हुयी दाढ़ी, सफेद बाल और बेजोड़-लटकी हुयी भौंहें, ये सब मिलकर उसके प्रकटन को गौरवपूर्ण और प्रभावशाली बनाते थे, किन्तु उसका चेहरा सफेद पड़ गया था, जबकि उसके होंठ और नथुनों के किनारे नीलिमा लिए हुए थे। उसे एक झलक देखने से ही मुझे यह साफ़ हो गया था कि वह किसी घातक और पुरानी बीमारी की गिरफ्त में था।

"कृपया सोफे पर बैठ जाइए।" होम्स ने शिष्टता से कहा। "आपको मेरा पत्र मिला था?"

"हाँ, इसे लॉज प्रबन्धक लेकर आया था। तुमने लिखा था कि लोक-कलंक को टालने के लिए तुम मुझसे यहां मिलना चाहते थे।"

"मैंने सोचा कि यदि मैं हॉल में आता तो लोग तरह-तरह की बातें बनाते।"

“और तुम मुझसे क्यों मिलना चाहते थे?” अपनी बोझिल आँखों में हताशा लिए हुए उसने मेरे साथी को देखते हुए कहा, मानो उसे उसके सवाल का जवाब पहले ही मिल चुका था।

“हाँ," शब्दों के स्थान पर उसकी निगाह का जवाब देते हुए होम्स ने कहा। “ऐसा ही है। मैं मैककार्थी के बारे में सब कुछ जानता हूँ।”

बूढ़े व्यक्ति ने अपने हाथों में अपने चेहरे को छिपा लिया। “हे ईश्वर मेरी मदद करो!” उसने चिल्लाते हुए कहा। “लेकिन मैं उस लड़के को नुकसान नहीं पहुंचने दूंगा। मैं तुम्हें वचन देता हूँ कि यदि न्यायालय के सत्र में यह मामला उसके विरुद्ध गया, तो मैं सच्चाई घोषित कर दूंगा।”

“आप ऐसा कहते हैं यह सुनकर मुझे प्रसन्नता हुयी।” होम्स ने गम्भीरता से कहा।

“यदि इसका सम्बन्ध मेरी प्रिय पुत्री से न होता, तो मैं अभी तक सब बता चुका होता। इसे सुनकर उसका दिल टूट जाएगा—इसे सुनकर उसका दिल टूट जाएगा जब वह यह सुनेगी कि मैं गिरफ्तार हो गया हूँ।”

“ऐसा नहीं होगा।” होम्स ने कहा।

“क्या?”

“मैं कोई आधिकारिक कारिंदा नहीं हूँ। मैं समझता हूँ कि यह आपकी पुत्री थी जो यहाँ मेरी मौजूदगी चाहती थी, और मैं उसके हितों को देखते हुए ही काम कर रहा हूँ। जैसे भी, युवा मैककार्थी को बचाना ही होगा।”

“मैं एक मर रहा आदमी हूँ," बूढ़े टर्नर ने कहा। “सालों से मुझे मधुमेह का रोग है। मेरा डॉक्टर कहता है कि यह एक सवाल है कि क्या मैं एक माह तक जीवित रह पाऊंगा। फिर भी जेल में मरने की जगह मैं अपनी खुद की छत के नीचे मरना अधिक पसंद करूंगा।”

होम्स उठा और अपने हाथ में एक कलम और सामने कागजों का एक पुलिंदा लेकर मेज पर बैठ गया। "हमें सब कुछ सच-सच बताइए।" उसने कहा। "मैं तथ्यों को लिखूंगा। आप इस पर हस्ताक्षर करेंगे, और वॉटसन यहाँ इसका गवाह बन सकता है। फिर युवा मैककार्थी को बचाने के लिए आखिरी पराकाष्ठा पर मैं आपकी स्वीकारोक्ति न्यायालय में पेश कर सकता हूँ। मैं आपको वचन देता हूँ कि जब तक अत्यावश्यकता की स्थिति नहीं होगी, तब तक मैं इसका प्रयोग नहीं करूंगा।"

"यह अच्छा है," उस बूढ़े आदमी ने कहा,"क्योंकि यह भी एक सवाल है कि क्या मैं न्यायालय के सत्र तक जीवित रहूँगा, अतः मेरे लिए यह मामूली बात है, किन्तु मैं एलिस को इस सदमे से बचाना चाहता हूँ। और अब मैं तुम्हें सारी बातें स्पष्ट करता हूँ; इसके क्रियान्वयन में लम्बा समय लगा, लेकिन इसे बताने में मुझे अधिक समय नहीं लगेगा।

"इस मृतक, मैककार्थी को तुम नहीं जानते थे। वह एक साक्षात शैतान था। मैं यह बात तुम्हें बता रहा हूँ। उस जैसे व्यक्ति के शिकंजे से ईश्वर तुम्हें दूर रखे। गत बीस वर्षों से उसका शिकंजा मुझ पर रहा है, और उसने मेरा जीवन उजाड़ दिया है। पहले मैं तुम्हें यह बताऊंगा कि कैसे मैं उसके चंगुल में फंसा।

"यह सन साठ के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में खुदाई के समय की बात है। उस समय मैं एक जवान लड़का था, गर्म खून वाला और लापरवाह, किसी भी काम को हाथ में ले लेने के लिए तैयार। मैं बुरे साथियों की संगत में पड़ गया, शराब पीने लगा। जो भी हासिल करता उसमें किस्मत का कोई योगदान नहीं था, झाड़ियों में मैं छिप कर बैठता और एक शब्द में कहा जाए तो मैं वह बन गया जिसे तुम लोग यहाँ मुख्यमार्ग का डाकू कहते हो। हम छह लोग थे, और हम अपनी लुटेरों वाली जिन्दगी स्वच्छंदता और आजादी से जी रहे थे, कभी हम स्टेशन पर आतंक मचाकर लूट किया करते या कभी खदानों में जाने वाली सड़क से होकर गुजरने वाली बोगियों को रोक कर लूट लेते थे। बैलारैट के ब्लैक जैक के नाम से वहां मैं कुख्यात

था, और आज भी बस्ती में हमारा गिरोह बैलारैट गिरोह के नाम से याद किया जाता है।

"एक दिन सोने से लदा एक काफिला बैलारैट से मेलबोर्न पहुंचा, हमने छिप कर इसके पहुँचने की प्रतीक्षा की और इस पर हमला कर दिया। वहां छह सवार थे और हम भी संख्या में छह थे, अतः यह कड़ी भिड़न्त थी, लेकिन गोलियों की पहली बौछार में हमने उनकी चार काठियां लूट लीं। हालांकि उन लोगों के समर्पण से पहले इस मुठभेड़ में हमारे तीन लड़के मारे गये। मैंने अपनी पिस्तौल वैगन[25]चालक, जो यही मैककार्थी था, के सिर पर रख दी। काश मैंने उसे उसी समय मार दिया होता, किन्तु मैंने उसे छोड़ दिया, हालांकि मैंने देखा था कि उसकी छोटी-छोटी दुष्ट आँखें मेरे चेहरे पर टिकी थीं, मानो वह मेरे चेहरे-मोहरे को अच्छी तरह से याद करना चाहता हो। सोना लेकर हम भाग गये, हम धनवान आदमी बन गये, और किसी के द्वारा संदिग्ध समझे बगैर ही अपने रास्ते इंग्लैंड आ गये। वहाँ मैं अपने पुराने साथियों से अलग हो गया और फिर मैंने एक शांत और सम्मानित जीवन बिताने का निर्णय लिया। मैंने यह रियासत, जो किस्मत से उस समय बाजार में बिकाऊ थी, खरीदी और अपने पैसों से मैंने खुद ही कुछ अच्छे काम करने का फैसला लिया ताकि जिस तरीके से मैंने इस दौलत को कमाया था उसका प्रायश्चित्त हो सके। मैंने शादी भी की, यद्यपि मेरी पत्नी अपनी जवानी में ही मर गयी और अपने पीछे वह मेरे लिए मेरी प्यारी छोटी एलिस छोड़ गयी। जब वह एक छोटी बच्ची थी उसके नन्हें हाथ मुझे ऐसे जान पड़ते थे मानो वे मुझे सही रास्ता दिखा रहे हों, ऐसा अनुभव मुझे पहले कभी नहीं हुआ था। एक शब्द में कहें, तो मैंने अपने जीवन का एक नया अध्याय प्रारम्भ कर दिया था और मैंने अपने अतीत के पापों की भरपाई करने की यथासम्भव कोशिश की। सब कुछ ठीक चल रहा था कि तभी मैककार्थी ने मुझे अपने शिकंजे में ले लिया।

---

[25] वैगन (wagon)—चौपहिया घोड़ागाड़ी

“एक निवेश के सिलसिले में मैं नगर में गया हुआ था और वहां रीजेंट स्ट्रीट में मेरी उससे मुलाक़ात हुयी। न ही उसकी पीठ पर कोट थी और न ही उसके पैरों में जूते थे।

“ ‘हम फिर मिल गये, जैक’ मेरी बांह छूते हुए उसने कहा,"हम लोग लगभग वैसे ही रहेंगे जैसे तुम्हारे साथ तुम्हारा परिवार रहता है। हम दो हैं—मैं और मेरा पुत्र, और तुम हमें रख सकते हो। यदि तुम नहीं रखते—तो ठीक है, इंग्लैंड क़ानून का पाबंद देश है, और आवाज देते ही यहाँ पर हमेशा एक पुलिसकर्मी आ जाता है।”

“खैर, वे इस पश्चिमी गंवई हिस्से में आ गये, उनसे पीछा छुड़ाने का कोई भी रास्ता नहीं था, और तब से वे यहां मेरी सबसे बढ़िया जमीन पर मुफ्त में रह रहे हैं। मेरे लिए कोई राहत, कोई शांति, पल भर की भी कोई विस्मृति न थी; मैं जिधर मुड़ता, उसका चालाक और हंसी उड़ाता चेहरा मेरे सामने होता। जैसे-जैसे एलिस बड़ी हुयी तो स्थिति और भी खराब हो गयी; क्योंकि जल्द ही उसने यह समझ लिया था कि मेरे अतीत के बारे में एलिस को पता लगने के भय ने पुलिस के भय से ज्यादा मुझे भयभीत कर रखा था। वह जो भी चाहता था उसे जरूर मिल जाता था, और यह चाहे जो भी चीज—जमीन, मकान, पैसा—होती बिना किसी सवाल के किये मैं उसे दे देता था ऐसे तब तक चलता रहा जब तक उसने मुझसे वह चीज नहीं मांगी जो मैं उसे दे नहीं सकता था। उसने मुझसे एलिस की मांग की।”

“तुमने देखा ही है कि उसका पुत्र जवान हो चुका था और मेरी पुत्री भी, और मेरी खस्ताहाल सेहत को सब जानते थे, उसे यह एक सुनहरा अवसर लगा कि उसके लड़के को मेरी पूरी सम्पत्ति पर काबिज हो जाना चाहिए। लेकिन यहाँ मैं दृढ़ था। मैं उसकी फालतू पीढ़ी को अपनी पीढ़ी से जुड़ने नहीं दे सकता था; ऐसी बात नहीं है कि लड़का मुझे पसंद नहीं था, लेकिन उसमें उसका खून था और यही मेरे लिए काफ़ी था। मैं अपनी बात पर अड़ा रहा। मैककार्थी ने मुझे धमकाया। मैंने उसका सबसे बुरा करने की हिम्मत

जुटाई। हमारे मकानों के बीच पड़ने वाले तालाब पर, इस बारे में बात करने के लिए हमें मिलना था।

"जब हम वहां पहुंचे, तो मैंने देखा कि वह अपने लड़के के साथ बात कर रहा था, इसलिए मैंने एक सिगार पीया और एक पेड़ के पीछे छिपकर तब तक इन्तजार किया जब तक कि वह अकेला न हो जाये। लेकिन जैसे-जैसे मैंने उसकी बातें सुनी, तो मेरे अंदर जितनी भी मलिनता और कड़वाहट थी वह सब फूटकर मुझसे बाहर निकलती हुयी मुझे जान पड़ी। बिना इस बात की परवाह किये कि मेरी बेटी इस शादी के बारे में क्या सोचती है

वह अपने लड़के को मेरी बेटी से शादी करने के लिए उकसा रहा था मानो वह मेरी बेटी न होकर सड़क के किनारे रहने वाली कोई वेश्या हो। यह सोचकर मैं पागल हो उठा कि मुझे और उसे—जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता था—इस जैसे आदमी के नियन्त्रण में रहना होगा। क्या मैं यह बंधन नहीं तोड़ सकता था? मैं पहले से ही एक मर रहा और आशाहीन आदमी

था। भले ही देखने में मैं स्पष्ट मनःस्थिति और काफी हद तक मजबूत शरीर का था, लेकिन मैं जानता था कि मेरी खुद की नियति तय हो चुकी थी। लेकिन मेरी यादों और मेरी बच्ची! दोनों को ही बचाया जा सकता था यदि मैं केवल उस दुष्ट की गंदी जुबान को चुप करा देता। मैंने यह किया था, मिस्टर होम्स! मैं दुबारा से ऐसा कर सकता था, जितने नीचे जाकर मैंने पाप किया है, उसके पश्चाताप के लिए मैंने एक यातनापूर्ण जीवन जीया है। लेकिन यह कि मेरी लड़की भी उन्हीं जालों में उलझे जिन्होंने मुझे उलझाया था यह बात किसी भी और बात की तुलना में मुझे ज्यादा कष्ट देने वाली थी। बिना किसी तरह का मलाल किये मैंने उसे मार कर ऐसे गिरा दिया मानो वह कोई गंदा और विषैला जानवर हो। उसकी चीख से उसका लड़का वापस लौट आया; लेकिन मैं पेड़ की आड़ में जाकर छिप चुका था, हालांकि उस लबादे को लेने के लिए मुझे वापस जाना पड़ा था जिसे भागते समय मैंने गिरा दिया था। सज्जनों! जो सब कुछ घटित हुआ था उसकी सच्ची दास्तान यही है।"

लिखे गये बयान पर जब उस बूढ़े ने हस्ताक्षर किया तो होम्स ने कहा,"खैर, यह मेरा काम नहीं है कि मैं आपका फैसला करूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि ऐसी कसौटी के लिए हमें कभी सामने न आना पड़े।"

"मैं प्रार्थना नहीं करता हूँ, श्रीमान। और अब तुम्हारा क्या करने का इरादा है?"

"आपकी सेहत को देखते हुए, कुछ भी नहीं। आप स्वयं जानते हैं कि अपने कृत्य के लिए आपको जल्द ही इस असाइजेज के बजाय एक उच्चतर न्यायालय में जवाब देना होगा। मैं आपका बयान रखे रहूँगा, और यदि मैककार्थी को दोषी ठहराया जाता है, तब मैं इसका इस्तेमाल करने के लिए बाध्य हो जाऊँगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो कभी भी किसी की नजर इस पर नहीं पड़ेगी, और आपका राज, चाहें आप जीवित रहें या मर जाएँ, हमारे पास सुरक्षित रहेगा।"



"तो फिर, अलविदा!" बूढ़े आदमी ने शांत स्वर में कहा। "उस शांति के लिए जो तुमने मुझे दी है, तुम्हारी खुद की मृत्यु-शैय्याएं, तुम्हारे अंत समय में, आराम दायक हों।" अपने भीमकाय ढाँचे के साथ हिलते और लड़खड़ाते हुए वह धीरे से कमरे के बाहर निकल गया।

"ईश्वर हमारी सहायता करे!" एक लम्बी चुप्पी के बाद होम्स ने कहा। "अभागे, असहाय लोगों के साथ किस्मत ऐसे खेल क्यों खेलती है? इस मामले जैसा कोई मामला मैंने कभी भी नहीं सुना है कि मैं बैक्स्टर के शब्दों को न सोचूँ, और कहूँ, '*There, but for the grace of God, goes Sherlock Holmes*[26].'"

होम्स द्वारा तैयार की गयी और बचाव पक्ष के वकील द्वारा पेश की गयी तमाम आपत्तियों के आधार पर असाइजेज ने जेम्स मैककार्थी को बरी कर

---

[26] इस वाक्यांश को बैक्स्टर ने नहीं कहा है बल्कि इसे जॉन ब्रैडफोर्ड ने कहा है। इसे वह उस समय कहा करते थे जब वह किसी व्यक्ति को फांसी पर लटकाये जाते समय देखते थे वास्तविक वाक्यांश यह है 'But for the grace of God there goes John Bradford.' जिसका अर्थ है: "सिर्फ (मरने वाले व्यक्ति के लिए) ईश्वर की कृपा पाने के लिए जॉन ब्रैडफोर्ड प्रार्थना करता है।"

दिया। हमारी उस भेंटवार्ता के बाद बूढ़ा टर्नर सात माह तक जीवित रहा, लेकिन अब वह मर चुका है; और पूरी सम्भावना है कि लड़का और लड़की उनके अतीत पर छायी काली उलझनों को जाने बगैर प्रसन्नतापूर्वक साथ-साथ रह सकते हैं।

***

~कॉपीराइट © 2018~
सर्वाधिकार सुरक्षित